# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 1 अक्टूबर, 2025

वर्ष 01 | अंक 243 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585


प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


त्रि-सेवा संगोष्ठी में शामिल हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले...

## साइबर हमलों, सूचना युद्ध और बदलती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि आज के समय में साइबर हमलों, सूचना युद्ध और बदलती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय सेना के बीच बेहतर तालमेल और एक समान प्रणाली की जरूरत है। वह दिल्ली में आयोजित त्रि-सेवा संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय इस दिशा में हरसंभव सहयोग करेगा।**



राजनाथ सिंह ने कहा, हमारी सेनाओं ने वर्षों के अनुभव से अपनी ऑडिट प्रणाली विकसित की हैं। लेकिन आज के एकीकृत अभियानों के दौर में जरूरी है कि ये प्रणाली एक-दूसरे जुड़ी हों। अगर हर सेना अलग-अलग काम करेगी, तो फैसला लेना मुश्किल हो सकता है। एकीकृत प्रणाली से सेनाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आज हमें साइबर हमलों और सूचना युद्ध का खतरा है, इसलिए हमें इनके लिए मानक तय करने होंगे। उन्होंने आगे कहा, जब हम मानक तय करने की बात करते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि सेनाओं की अपनी पहचान खत्म हो जाएगी। हम हर सेना पर एक जैसा तरीका नहीं थोप सकते। हमें ऐसी प्रणाली बनानी होगी जो तीनों सेनाओं के काम को एकसाथ जोड़े। मुझे भरोसा है कि इस पर गंभीर चर्चा होगी और रक्षा मंत्रालय पूरा सहयोग करेगा। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि देश को इस दिशा में लगातार काम करने की जरूरत है, ताकि एक ऐसी आधुनिक और सक्षम प्रणाली तैयार की जा सके जो सभी सेवाओं के लिए उपयोगी हो।

### हम दूसरे देशों के अच्छे अनुभवों से सीख सकते है

उन्होंने कहा, इसके लिए हमें लगातार संवाद की जरूरत होगी। इस प्रक्रिया में नेतृत्व की भूमिका बहुत अहम होगी। हर कदम पर यह स्पष्ट करना होगा कि यह सुधार क्यों जरूरी है। जब तक हर सेवा और हर कर्मचारी को संयुक्तता का महत्व समझ में नहीं आएगा, तब तक यह सफल नहीं हो सकता। हम दूसरे देशों के अच्छे अनुभवों से सीख सकते हैं, लेकिन हर देश की अपनी परिस्थितियां होती हैं। हमें अपनी जरूरतों के हिसाब से समाधान तैयार करना होगा।

### देश ऑपरेशनल तैयारियों की दिशा में आगे बढ़ रहा

रक्षा मंत्री ने थल सेना, वायु सेना और नौसेना के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि देश ऑपरेशनल तैयारियों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन अब अगला कदम त्रि-सेवा लॉजिस्टिक्स का एकीकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें एक ऐसी डिजिटल प्रणाली बनानी चाहिए जो हर सेवा की जरूरतों का सम्मान करे और सभी के लिए जरूरी संसाधनों की स्थिति को साझा रूप से दिखा सके। इस दिशा में काम शुरू हो चुका है। हमें मिलकर संयुक्तता की ओर बढ़ना है। जब तीनों सेनाएं एक साथ आगे बढ़ेंगी, तभी हम बड़ी चुनौतियों का डटकर सामना कर सकेंगे। राजनाथ सिंह ने देवी दुर्गा का उदाहरण देते हुए कहा, जब चुनौतियां बहुत बड़ी हों, तो एकता की ताकत अजेय बन जाती है। हमारी सेना ऑपरेशनल तैयारी कर रही है, वायुसेना और नौसेना भी इसी दिशा में काम कर रही हैं। लेकिन जैसे ही हम संयुक्त सेवा कमान की बात करते हैं, तो अगला कदम अखिल भारतीय त्रि-सेवा लॉजिस्टिक्स एकीकरण की दिशा में होना चाहिए।

मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम का खुलासा

## मैं मुंबई हमले का बदला लेना चाहता था, लेकिन सरकार पर अमेरिकी दबाव था

नई दिल्ली, एजेंसी

मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चैनल को मंगलवार को दिए इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था।



मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने न्यूज चैनल को बताया- पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था।

### अमेरिका ने कहा था - कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा

तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा- कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी। मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी। विदेश मंत्रालय का मानना था कि सीधा हमला नहीं करना चाहिए। इसके बाद सरकार ने कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया।

## एमपी में 24 आईएएस अफसरों के तबादले, 12 कलेक्टर बदले

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** राज्य शासन ने मंगलवार को 24 आईएएस अफसरों के तबादले करते हुए 12 कलेक्टर बदल दिए हैं। जिन जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं उनमें पन्ना, पांढुर्णा, सिवनी, मुरैना, डिंडोरी, अलीराजपुर, निवाड़ी, भिंड, सिंगरौली, छिंदवाड़ा और रतलाम जिलों के कलेक्टर शामिल हैं। पन्ना कलेक्टर रहे सुरेश कुमार को मुरैना का संभागायुक्त बनाया गया है। संस्कृति जैन को भोपाल नगर निगम का कमिश्नर बनाया गया है। नीरज कुमार वशिष्ठ पांढुर्णा के नए कलेक्टर होंगे।

राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार को ओएसडी सह आयुक्त चंबल संभाग मुरैना, छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को अपर सचिव नगरीय विकास और आवास विभाग, नेहा मारव्या कलेक्टर डिंडौरी को संचालक विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु जनजाति विभाग, संजीव श्रीवास्तव कलेक्टर भिंड को अपर सचिव लोक निर्माण विभाग, उषा परमार अपर आयुक्त राजस्व भोपाल संभाग को कलेक्टर पन्ना पदस्थ किया गया है।

इजराइली राजदूत रुवेन अजार ने कहा

## आतंकवाद के खिलाफ हमारी सोच एक, भारत हमें प्रेरित करता है

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में इजराइली राजदूत रुवेन अजार ने कहा है कि भारत, इस्राइल के विकास में अहम भूमिका निभा सकता है। पीएम मोदी ने गाजा में संघर्षविराम के समझौते का समर्थन किया है। इस पर खुशी जाहिर करते हुए रुवेन अजार ने कहा कि कल का दिन ऐतिहासिक था। न सिर्फ अमेरिका बल्कि कई अरब देशों ने, मुस्लिम देशों ने और पीएम मोदी ने भी संघर्ष विराम प्रस्ताव का समर्थन किया। रुवेन अजार ने कहा कि भारत और इस्राइल की आतंकवाद के खिलाफ एक ही सोच है और इस मामले में भारत,



इस्राइल को प्रेरित करता है। इस्राइली राजदूत ने कहा कि हम भारत की आतंकवाद के खिलाफ पोजीशन से काफी प्रेरित होते हैं। हम आतंकवाद, कट्टरवाद के खिलाफ हैं और कट्टरवाद को खत्म कर बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं। हम लोगों के सशक्तिकरण और शांति के लिए समर्पित हैं।

पीएम मोदी के सलाहकार बोले...

## भारत के विकसित होने में न्यायपालिका सबसे बड़ी बाधा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार की भूमिका निभा रहे संजीव सान्याल ने हाल ही में देश की न्याय व्यवस्था और वकीलों की आलोचना कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। संजीव सान्याल प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के एक प्रमुख सदस्य हैं। उन्होंने हाल ही में एक बयान में कहा है कि न्यायपालिका विकसित भारत के सपने को पूरा करने के बीच सबसे बड़ी बाधा है। इस दौरान उन्होंने जजों की लंबी छुट्टियों पर भी सवाल उठाए। अब सुप्रीम कोर्ट बार एसोशिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने उन्हें जवाब दिया है।



इससे पहले संजीव सान्याल ने जनरल काउंसल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एक कार्यक्रम में बोलते हुए हाईकोर्ट के जजों की लंबी छुट्टियों की आलोचना की थी। इस दौरान उन्होंने कानूनी भाषा में प्रार्थना और माई लॉर्ड जैसे शब्दों के इस्तेमाल की भी आलोचना की थी। बता दें कि संजीव सान्याल इससे पहले भी जजों की छुट्टियों को लेकर बयान दे चुके हैं।

### संजीव सान्याल की टिप्पणी गैर जिम्मेदाराना

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने सान्याल की टिप्पणी को गैर जिम्मेदाराना बताते कहा है कि इस तरह की टिप्पणियां अदालतों के कामकाज की समझ की कमी को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा, हाईकोर्ट की छुट्टियों पर टिप्पणी करने वाले किसी भी व्यक्ति को हाईकोर्ट के कामकाज की समझ नहीं है। छुट्टियों का मतलब यह नहीं होता जब हम कुछ नहीं कर रहे होते हैं और समय बर्बाद कर रहे होते हैं। हाई कोर्ट में छुट्टियों का मतलब समझने के लिए आपको यह जानना होगा कि एक वकील या एक जज सामान्य दिन में किस तरह का काम में काम करते हैं।

## चेन्नई में बड़ा हादसा : थर्मल पावर स्टेशन का निर्माणाधीन ढांचा गिरा, नौ की मौत

चेन्नई, एजेंसी

उत्तर चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन के निर्माण स्थल पर सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार निर्माणाधीन ढांचा गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 10 से अधिक श्रमिकों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को तत्काल उत्तर चेन्नई स्थित स्टैनली सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस आयुक्तालय ने बताया कि हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि निर्माण कार्य के दौरान अचानक ढांचा गिर गया, जिससे मौके पर काम कर रहे



श्रमिक इसकी चपेट में आ गए। फिलहाल राहत एवं बचाव कार्य जारी है और घटनास्थल पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

हादसे की जानकारी मिलते ही तमिलनाडु बिजली बोर्ड के सचिव डॉ. जे. राधाकृष्णन और तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन (टैंगेडको) के चेयरमैन स्टैनली सरकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतर इलाज का भरोसा दिलाया।

बिहार मतदाता सूची में 7.42 करोड़ मतदाता

## एसआईआर की अंतिम सूची में 65 लाख मतदाताओं के नाम कटे

नई दिल्ली, एजेंसी

**बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जो कि विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) से पहले 7.89 करोड़ थी।**

हालांकि, यह अंतिम संख्या ड्राफ्ट सूची (ड्राफ्ट रोल) से थोड़ी ज्यादा है, जिसे 1 अगस्त को जारी किया गया था। उस ड्राफ्ट सूची में 65 लाख मतदाता हटाए गए थे। इन मतदाताओं को सूची से इसलिए हटाया गया था क्योंकि या तो उनकी मृत्यु हो गई थी, वे



किसी और जगह चले गए थे, या उनके नाम सूची में डुप्लीकेट थे। चुनाव आयोग ने बताया कि ड्राफ्ट सूची से 3.66 लाख वोटर हटाए गए, जबकि 21.53 लाख नए वोटर जोड़े गए, जो लोगों और पार्टियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों और आपत्तियों के बाद शामिल किए गए।

**सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा कर लिया...** यह सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तैयार की गई है। आयोग ने कहा कि इसमें सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा कर लिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ), बिहार ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए चुनाव आयोग (ईसीआई) को टैग किया। पोस्ट में लिखा गया- विशेष गहन पुनरीक्षण के आलोक में 30.09.2025 को अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित की गई है।

**पटना के 14 विधानसभा क्षेत्रों में 48.15 लाख मतदाता...** जिला प्रशासन पटना के अनुसार, सघन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर), 2025 के तहत पटना जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज किया गया है। इसके अनुसार, कुल मतदाताओं की संख्या 48 लाख 15 हजार 294 है, जो 1 अगस्त 2025 को जारी ड्राफ्ट सूची में शामिल कुल मतदाताओं की संख्या 46 लाख 51 हजार 694 से एक लाख 63 हजार 600 अधिक है। सबसे ज्यादा मतदाता वाला विधानसभा क्षेत्र दीघा है, जिसमें 4.56 लाख मतदाता हैं।

### विरोधियों और भाजपा के बीच विवाद

एसआईआर के बाद यह प्रक्रिया विवादों में घिर गई है। विपक्षी पार्टियां आरोप लगा रही हैं कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है। हालांकि, चुनाव आयोग ने इस आरोप को पूरी तरह खारिज किया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि एसआईआर जरूरी था ताकि अवैध प्रवासी या गलत मतदाता हटाए जा सकें।

### इस हफ्ते में पटना जाएगी चुनाव आयोग की टीम

चुनाव आयोग 4 और 5 अक्टूबर को पटना का दौरा करेगा और चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेगा। इसके बाद अगले सप्ताह बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किए जाने की संभावना है। मतदाता अब अपने मोबाइल या कंप्यूटर से ऑनलाइन जाकर अपना नाम, मतदान केंद्र और अन्य विवरण आसानी से देख सकते हैं। चुनाव आयोग का जोर इस बार पारदर्शिता और तकनीकी सुविधा पर है।

# मां सिद्धिदात्री के आशीर्वाद को पाने का सहज मार्ग है - सहजयोग



नवरात्रि की नवमी तिथि मां सिद्धिदात्री की आराधना का महायोग है। यह एक ऐसा समय है, जब ना अधिक सर्दी पड़ती है ना गर्मी, मानव सुख में रहता है, प्रकृति शांति देने वाली स्थिति में होती है और मां सिद्धिदात्री के पूजन का चैतन्य कण कण में भरा होता है । आज के दिन माँ सिद्धिदात्री की आराधना करते हुए भक्त हर प्रकार की सिद्धि हेतु प्रार्थना करते हैं, माँ सिद्धिदात्री साहस व शक्ति की प्रतीक हैं । माँ सिद्धिदात्री की उपासना से अनेक सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं, जिससे मानव के लिए संसार में कुछ भी असंभव नहीं रहता मां की कृपा से जब सद्गुण हमारे अंदर स्थित होते हैं तब अज्ञान जैसी सबसे बड़ी कमजोरी नष्ट हो जाती है। माँ जगदंबा के आशीर्वाद व सद्गुणों को अपने अंदर स्थापित करने का आसान - मार्ग है सहज योग।

हमारे अंतर के सूक्ष्म शरीर के अनहद चक्र के मध्य में जगदंबा अपने हर स्वरूप में विराजमान हैं और इस चक्र की दाहिनी ओर श्री रामचंद्र व माता सीता का स्थान है | जो हमारे अंदर ही व्याप्त है, उन्हें पाना क्या...वे तो अंदर हैं ही | बस पाने का तरीका पता होना चाहिए और यह तरीका है सहज योग|बात समर्पण की है सहज योग समर्पण का आसान मार्ग है | अनहद चक्र को हृदय चक्र भी कहते हैं| जब हृदय संकीर्ण होगा तो हम उसमें ईश्वर का चैतन्य कितना भर पायेंगे| अतः हृदय को विशाल करना होगा। जब हमारा चित्त हमारे अंदर होता है, तब ईश्वरीय चैतन्य का प्रवाह हमें यथार्थ की अनुभूति देता है | हमने आठ दिन देवी की आराधना कर ली, आज के दिन अपनी अज्ञानता पर पूर्णरूपेण विजय पाना है, स्वयंसिद्ध बनना है| यही दुर्गा नवमी का संदेश होता है। तो चलिए सहज योग से जुड़ते हैं, जो सदैव व सर्वथा निशुल्क है| आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

## एक कविताः- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर.

### अर्पण मै भारतवर्ष को

मेरा अभिमान मै स्वयं सेवक सौ वर्षिय संघ का,
देश के लिये खूब उपयोग रहे मेरे अंग अंग का,
राजपाट क्या घरबार क्यॉ,मेरा रोम रोम संघ का !

उच्च हो विचार,त्रुटि विहीन कार्य, वीरों का वंदन,
राष्ट्र सम्मान,समर्पण भावना,सेवा से जुड़े जीवन,
षट प्रकार कर्मो के साथ जिऊ मै प्यारा संघ का,

हार नहीं मानूंगा बिना थके,करूँ मै सेवा दिन रात,
मै कर्म मे जुटा रहूँ,कब सुनु आलोचना की बात,
भारतवर्ष हो सर्वोत्तम,ऐसा प्रचारक बनू संघ का,

मै यूँ ही चलता रहूँगा जीवन मेरा चलता रहेगा,
कर्तव्य पथ हो कठिन,कभी नहीं मैं निराश होऊंगा,
वक्त देगा साथ मेरा,डटा हूँ आशावादी मै संघ का !

सीमाओं पर पहरा देने वाले प्रहरी को करे नमन,
दुश्मन से लड़ते हुए दे दिया बलिदान उसे नमन,
सेना का करे सम्मान,कहे हर सिपाही संघ का !

समंदर की लहरों ने जब भी जनमानस को घेरा,
विपदाओं ने घर घर डाल लिया हो अपना डेरा,
सर पे बांध कफन लड़ा मैं,समर्पित सेवक मै संघ का।
मेरा अभिमान मै स्वयं सेवक सौ वर्षीय संघ का ।
द्वाराः- विपिन जैन "श्रीजैन"
218, श्रीमंगल नगर इंदौर

## इंदौर में गोर बंजारा दल द्वारा भव्य चुनरी यात्रा सम्पन्न

**राजेश धाकड़**



इंदौर। श्री रामकृष्ण बाग कॉलोनी खजराना से गौर बंजारा दल इंदौर, म.प्र. के तत्वाधान में आयोजक जितेन्द्र राठौर के नेतृत्व में रविवार को एक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा लगभग दो किलोमीटर तक पैदल चलकर दिव्य शक्ति पीठ माता जी मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने चुनरी चढ़ाई। आयोजक जितेन्द्र राठौर ने बताया कि चुनरी यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर रखते हुए भक्ति मार्ग की ओर प्रेरित करना है। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सभी समाजों के श्रद्धालुओं की सहभागिता ने इस यात्रा को भक्ति, एकता और सकारात्मकता का संदेशवाहक बना दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे – बीजेपी के वरिष्ठ नेता श्री अशोक अधिकारी जी, गोर बंजारा दल के अध्यक्ष रमेश राठौड़ जी , बीजेपी मंडल मंत्री दीपक गोविंद चौहान जी, धर्मवीर सेवा संस्थान संयोजक विशाल श्रीवास , चेतन भोसले जी, पवन पंवार जी, राजेश राठौर जी, अजय राठौर जी, दीपक राठौर जी, रोशन राठौर जी, आकाश चौहान जी, अभिषेक चावड़ा जी, राहुल राठौर जी, साथ ही बड़ी संख्या में समाजजन एवं महिला शक्ति की उपस्थिति रही।

## इंदौर सहकारी दुग्ध संघ की 42वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

### साँची री-ब्रांड होकर टॉप ऑफ द माइंड उभरेगा

### वर्ष 2024-25 में 20 करोड़ 54 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया

इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित इंदौर का 42वां वार्षिक साधारण सभा का सम्मेलन नगर के गुरू अमरदास हॉल में सम्पन्न हुआ। वार्षिक साधारण सभा की अध्यक्षता करते हुए दुग्ध संघ के प्राधिकारी अधिकारी व संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने उद्बोधन देते हुए कहा कि इंदौर दुग्ध संघ लगातार अपने व्यवसाय में लगातार वृद्धि कर रहा है। वर्ष 2024-25 में 707.34 करोड़ वार्षिक टर्नओवर रहा। जिसमें दुग्ध संघ को 20 करोड़ 54 लाख 27 हजार का शुद्ध लाभ अर्जित किया। दुग्ध संघ का कार्य क्षेत्र 9 जिलों में संचालित है। वर्ष 2024-25 में 1523 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के द्वारा 2.93 लाख किलो ग्राम प्रति दिन संकलित किया गया। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने वार्षिक उद्बोधन में वर्ष 2025-26 में संघ द्वारा निर्धारित किये गये लक्ष्यों के बारे में भी बताया गया। इस वर्ष 550 नवीन दुग्ध सहकारी समितियों का गठन एवं 250 का अकार्यरत दुग्ध समितियों को पुर्नगठित करने के अलावा 240 समितियों को सुदृढ़ीकरण करने और कुल 2323 समितियों से 4.11 लाख किलो ग्राम प्रति दिन दुध संकलन का लक्ष्य रखा गया है। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने दुग्ध समितियों के सदस्यों से कहा कि यह वर्ष हम अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मना रहे है। अगले 5 वर्षो में हमने 20 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व में 30 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन भारत करता है, जिसमें मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका में है।

दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलवीर शर्मा ने साधारण सभा में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाते हुए 13 अप्रैल से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और इंदौर



दुग्ध संघ के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत दुग्ध संघ प्रबंधन एवं संचालन प्रारंभ किया गया है। अब इसे नया रूप देते हुए साँची को री ब्रांडिंग कर टॉप ऑफ द माइंड करने की योजना बनाई है। जल्द ही साँची अपने नए उत्पादों के साथ फिर से बाजार में उतरेगा। दुग्ध के सीईओ श्री शर्मा ने प्रतिनिधियों के समक्ष वार्षिक साधारण सभा की सूची रखी। इस सूची पर सदस्यों से सर्वानुमति से अनुमोदन प्राप्त किया। वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर प्रबंधकारिणी के डॉ. बिल्सन डाबर, संयुक्त संचालक, पशुपालन एव डेयरी विभाग इंदौर संभाग इंदौर श्री बीएल मकवाना, संयुक्त आयुक्त सहकारिता इंदौर संभाग श्रीमती नीलम नीनामा, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, वित्त विभाग इंदौर संभाग श्री दिनेश पटेल, अध्यक्ष प्रबंध समिति सदस्य श्रीमती सपना विष्णु पटेल, प्रबंध समिति सदस्य एवं एमपीसीडीएफ भोपाल के प्रतिनिधि डॉ. शुभांकर नन्दा उपस्थित थे। इसके साथ ही दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री मोतीसिंह पटेल, श्री उमराव सिंह मौर्य एवं पूर्व संचालकगण भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव के संभावित दौरे को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी आए निरीक्षण करने

**संजय प्रेम जोशी**

आगामी दिनों में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के संभावित बागली दौरे के मद्देनजर कलेक्टर जिला देवास के आदेश के परिपालन में आज बागली मुख्यालय पर जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारती एवं उप संचालक शिवनंदन प्रजापति द्वारा बागली में निर्मित सी एम राइज स्कूल जिसका नाम सांदीपनि विद्यालय हो गया है। उक्त भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रोटोकॉल के पालनार्थ बागली विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह, सी एस सी जनशिक्षा केंद्र बालक बागली योगेश तिवारी , विद्यालय प्राचार्य साथ रहे इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारती ने निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर संबंधित आर्किटेक्ट से गुणवत्ता,प्रगति एवं भवन पूर्णता समय सीमा की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निदेश दिए।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी जी ने पर्यावरण दिवस मनाया







**संजय प्रेम जोशी**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी हाटपिपलिया सेंटर में पर्यावरण दिवस मनाया गया देवास जिला के इंचार्ज आदरणीय राजयोगिनी प्रेमलता दीदी जी बताया। बीके मनीषा दीदी बीके ज्योति बहन बीके पुल श्री बहन बीके रजनी दीदी ने बताया विश्व पर्यावरण सारे विश्व के अंदर पर्यावरण रक्षा के लिए मनाया जाता है ताकि आने वाला जेनरेशन इस प्रकृति का आनंद ले सके परमात्मा ने हम सभी को बहुत सुंदर यह खेल समझाया है की है यह खेल है ही तीन सत्ताओं के बीच एक पुरुष अर्थात आत्मा परम पुरुष अर्थात प्रकृति पति परमात्मा और प्रकृति यह तीन सत्ताओ के बीच में संसार का खेल चलता रहता है एक हे बाहर की प्रकृति और एक मनुष्य की आंतरिक प्रकृति हे हमेशा देखा गया है मनुष्य की आंतरिक प्रकृति का प्रवाह बाहर की प्रकृति पर पड़ता है इसलिए आवश्यकता है आंतरिक प्रकृति को सही करें ताकि बाहर की प्रकृति को भी सुरक्षित रख सके जब पेड़ पौधा लगाते हैं तो जितना शुद्ध वाइब्रेशन देते हैं उतना वह पौधा फलता फूलता है इसलिए अगर हमें अपनी आंतरिक प्रकृति को ठीक रखना है तो परमात्मा प्रकृति पति हमें यही ज्ञान देते हैं कि हमारी आदि अनादि प्रकृति बहुत सात्विक सतो प्रधान थी और उस सतों प्रधान प्रकृति में जब हमारे मन को स्थिर कर देते हैं तो हमारे मन से चारों ओर शुद्ध वाइब्रेशन प्रभावित होते हैं और बाहर के नेचर को भी बहुत सुंदर भली भूत कर सकते हैं भारत के लिए कहां जाता है यह भूमि बहुत सुंदर आभा युक्त थी तो पुनः हमें आभा विकसित करना है और पर्यावरण का संरक्षण करना है तो प्रकृति पति आ करके हमें कहते हैं स्वयं को आत्मा निश्चय करें परमात्मा को याद करें परमात्मा से सकारात्मक ऊर्जा लेकर सारे संसार में प्रकृति के अंदर प्रवाहवित करें आत्माओं में सात्विक ऊर्जा को प्रवाह करेंगे तो हम यह संसार को वसुदेव कुटुंबकम की भावना ओ से पुनः जागृत कर सकेंगे और इस संसार को पुनः स्वर्णिम संसार बना सकेंगे सभा में उपस्थित मनीषा दीदी तथा सभी बी के भाई बहने।

# शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**संजय प्रेम जोशी**

**हाटपीपल्या- गायत्री शक्तिपीठ हाटपीपल्या में रविवार, 28 सितंबर 2025 को शिक्षक सम्मान समारोह एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संबंधी गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे प्रारम्भ हुआ, जिसका संचालन श्री गिरीश चंद्र गुरु एवं श्री विनोद जोशी ने किया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन



एवं गुरु वंदना के साथ किया गया। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संयोजक देवीशंकर तिवारी, जिला प्रकोष्ठ प्रमुख प्रमोद निहाले, रमेशचंद्र जायसवाल, श्रीनिवास पंचोली, सुश्री श्यामा तोमर (बागली), आशीष गुप्ता (बागली), रतनलाल सोनी, अशोक कप्तान, एन.पी. सिंह (प्राचार्य), रामप्रसाद खराड़िया (बागली), अरविंद शर्मा (देवास), डॉ. प्रेमचंद पराशर एवं पेंशनर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाल मालवीय उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों का एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों एवं प्राध्यापकों का गायत्री परिवार हाटपीपल्या की ओर से माला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर तहसील संयोजक राधेश्याम जी सोलंकी ने वर्ष 2024 का परीक्षा संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं इस वर्ष अधिक से अधिक विद्यालयों में ज्ञान परीक्षा आयोजित करने हेतु शिक्षकों, प्राध्यापकों से निवेदन किया।

अपने उद्बोधन में संयोजक देवीशंकर तिवारी ने कहा कि छात्रों के नैतिक एवं चारित्रिक विकास के लिए गायत्री परिवार का यह प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला प्रकोष्ठ प्रमुख प्रमोद निहाले ने युवाओं की भूमिका को राष्ट्र की उन्नति का मूल आधार बताया। अन्य वक्ताओं — रमेशचंद्र जायसवाल, श्यामा तोमर, अशोक कप्तान, एन.पी. सिंह, रामप्रसाद खराड़िया, मांगीलाल मालवीय एवं अरविंद शर्मा ने भारतीय संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा एवं प्राचीन शिक्षा पद्धति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अध्यापकों का स्थान सर्वोपरि है एवं बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा छात्रों के बौद्धिक व नैतिक उत्थान के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम के दौरान शहीद भगत सिंह की जयंती भी मनाई गई तथा शक्तिपीठ के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय जीवनसिंह ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वल्पाहार के साथ समारोह का समापन हुआ।

# मध्य प्रदेश सरकार एड्स नियंत्रण स्वास्थ्य कर्मचारियों की कर रही उपेक्षा-मिश्रा

**संजय प्रेम जोशी**

नवभारत बागली।

## शिवराज सिंह सरकार द्वारा संविदा कर्मचारी नीति के तहत प्रदेश में सभी संविदा कर्मचारियों को वेतन एवं अन्य सुविधा संबंधी लाभ दे दिया है लेकिन एड्स नियंत्रण विभाग के प्रदेश में कार्यरत 800 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी इस लाभ से वंचित है।

उक्त बातें मध्य प्रदेश एड्स एम्प्लाइज यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कहते हुए बताया कि अन्य राज्यों में एड्स नियंत्रण स्वास्थ्य कर्मचारियों को शासन ने शासकीय कर्मचारियों की तर्ज पर उनका विलय कारण कर लिया है लेकिन मध्य प्रदेश में संविदा कर्मचारियों को जो सुविधाएं दी जाना चाहिए वह सुविधा भी मध्य प्रदेश से एड्स नियंत्रण विभाग जुड़े 800 स्वास्थ्य कर्मचारियों को अभी तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई है। वर्तमान सरकार सिर्फ आश्वासन दे रही है विगत विधानसभा सत्र में मध्य प्रदेश सरकार से कांग्रेस विधायक राजेंद्र प्रताप सिंह ने विधानसभा सत्र के दौरान 800 कर्मचारियों के पक्ष में प्रश्न उठाते हुए इन्हें भी सभी संविदा कर्मचारियों के समान वेतन और सुविधा देने की बात कही थी जिस पर मध्य प्रदेश सरकार ने जवाब देते हुए कहा कि इस मामले में प्रक्रिया जारी है शीघ्र ही सभी 800 एड्स नियंत्रण स्वास्थ्य कर्मचारियों को भी समान सुविधाएं मिलना शुरू हो जाएगी। एकदिवसीय दौरे पर बागली आए मध्य प्रदेश एड्स एम्प्लाइज यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने देवास जिले में कार्यरत कर्मचारियों से मुलाकात करते हुए कहा कि आने वाले समय में मध्य प्रदेश शासन को उनकी कानूनी मांग सुनने के लिए आंदोलन करना होगा। गौरतलब है कि देवास जिले में भी मध्य प्रदेश एड्स नियंत्रण देवास इकाई में भी लगभग 15 कर्मचारी कार्यरत हैं इस अवसर पर देवास जिला के अध्यक्ष अजय भावसार एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिछोर सेमरी में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर 305 लोगों को मिला स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ



**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सेमरी में स्वास्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमरी पर मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कामता-रघुवीर सिंह लोधी, सीबीएमओ डाक्टर संजीव कुमार सांण्डे, जनपद उपाध्यक्ष रामरतन लोधी, सरपंच श्रीमती ममता अहिरवार, उपसरपंच चंद्रशेखर शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया, स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी देते हुए सीएचओ जवाहर सिंह राजपूत ने बताया कि भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों पर इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें लोगों को एक ही स्थान पर अनेकों स्वास्थ्य जांच का लाभ मिल सके, आयोजित शिविर में लगभग 305 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 235 महिलाओं सहित 70 पुरुषों का परीक्षण किया और आवश्यकता/जरूरत अनुसार दवाईयां दी गई, इस अवसर पर ग्राम पंचायत सेमरी के सचिव अजब सिंह लोधी, डाक्टरों की टीम में डाक्टर अशोक कुमावत, अमित धाकड़, रागनी पांडेय,मंजू चौहान,मंजू गंगवार, वैजन्ती बंशकार,लता गुप्ता, रामप्रसाद लोधी तथा समस्त आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# श्री साईं भक्त मंडल संस्था सिद्धि सरकार, ऋषि पैलेस द्वारकापुरी द्वारा भव्य गरबा आयोजित किया गया

**17 बाँ नवरात्री गरबा महोत्सव का शुभारंभ सम्मानियों अतिथियों का आगमन पर शुरू हुआ!**





17 फीट ऊंची मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा जो महाराष्ट्र के कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित की गई है बंगाली कारीगरों की नायाब कला से सुसज्जित भव्य पंडाल व आकर्षक विद्युत सज्जा एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पंडाल में देखने को मिली आयोजक रोहित यादव ने बताया की ये हमारा 17 बाँ वर्ष है हमारे पंडाल मे वो लड़किया भी है जो कम्पनी जाती है पंडाल मे लगभग 300 लड़कियों ने भाग लिया है आयोजक ने बताया की संस्था सिद्धि सरकार द्वारा 2 अक्टूबर को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा एवं बड़ी ही धूम धाम के साथ माता रानी का चल समरोह भी भव्य रूप के साथ निकाला जाएगा! आयोजक रोहित यादव ने बताया की मुख्य अतिथि मे यादव समाज के गोरब मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी, विधायक आदरणीय श्रीमती मालनी गोड़, राष्ट्रीय सयोजक -हिन्द रक्षक एकलव्य गोड़, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय बलाई महसंघ के मनोज परमार, बाल संत श्री ऋषभ दास जी महाराज, शिवसिंह जी गोड़ दादा जी,यात्रा प्रभारी संतोष अलोने,शंकर वर्मा,अंशुल चोधरी,वीरू जामदार अन्य साथी गण भी मौजूद रहेंगे!

# शिवलोक स्कूल की छात्रा काजल लोधी का राज्य स्तरीय चयन

**जगदीश पाल**

पिछोर( शिवपुरी )कस्बे के शिवलोक स्कूल की छात्रा काजल लोधी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। काजल का



राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा फुटवाल प्रतियोगिता में प्रदेश स्तरीय फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। काजल ने संभाग स्तरीय फुटवाल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए वरीयता हासिल की। इस प्रतियोगिता में शिवलोक स्कूल की अन्य छात्राओं ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन** - राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक इटारसी (होशंगाबाद) में आयोजित होगी। काजल के चयन से पूरे पिछोर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। विद्यालय संचालक नीरज कुमार गुप्ता, प्राचार्य शीतल शर्मा, कोच कमलेश शर्मा और अन्य स्टाफ ने काजल को शुभकामनाएं दीं। शिवलोक परिवार बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# खाद गोदाम प्रभारी ने किसान के साथ की अभद्रता व झूमा झपटी




**जगदीश पाल**

**शिवपुरी /पिछोर - खबर पिछोर अनुविभागीय अंतर्गत पिछोर खाद गोदाम से है जहां पीड़ित किसान प्रधान लोधी नगरेला ने बताया कि विगत दिन सोमवार को जब खाद लेने के लिए पिछोर गया और विधिवत लाइन में लगकर खाद लेने पहुंचा तो खाद गोदाम प्रभारी शिवांगी भट्ट ने मेरे साथ अभद्रता की और मेरी जमीन की किताब फाड दी साथ ही मुझे धक्का देकर बाहर निकाल दिया, और मुझे धमकी दी साले तुझे जेल में बंद कर दूंगी तुम मेरे को कहां से किसान दिख रहा है । इस संबंध में पीड़ित किसान ने अनुविभागीय अधिकारी पिछोर एवं कलेक्टर शिवपुरी को आवेदन दिया। देखा जाए तो जिले में प्रशासन गरीब किसानों पर पूरी तरह से हावी है। देखते हैं अब प्रशासन की ओर से क्या कार्यवाही की जाती है।**

## सीडीएस जनरल अनिल चौहान बोले-

# भविष्य में परमाणु और जैविक हमलों के खिलाफ हमें तैयार रहना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा। नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है।**

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा भारतीय डीएनए बेहद खास है। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए।



### भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा

सीडीएस चौहान ने कहा कि हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा। कोविड महामारी के दौरान दुनिया कठिन दौर से गुजरी। मेरे विचार से, जैविक खतरे, चाहे वे मानव निर्मित हों, आकस्मिक हों या प्राकृतिक, भविष्य में बढ़ने की आशंका है। ऐसे खतरों से बचाव और संक्रमित लोगों के इलाज के लिए हमें अलग उपचार प्रोटोकॉल की जरूरत होती है। हमें भविष्य में इसके लिए तैयार रहना चाहिए।

### भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरेगा

सीडीएस चौहान ने कहा कि कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद, हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरेगा। हमारे विचार से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी समझदारी इसमें है कि हम इससे बचाव की तैयारी करें। रेडियोलॉजिकल खतरे से बचाव के लिए अलग प्रोटोकॉल की जरूरत होती है और यह हमारे प्रशिक्षण का हिस्सा होना चाहिए। परमाणु खतरों के खिलाफ तैयारी इससे बचाव में योगदान करती है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है।

## सपा नेता अबू आजमी का अजीब बयान

# तेजस्वी के सामने 10 किलो दूध में नींबू की बूंद के बराबर हैं ओवैसी

मुंबई, एजेंसी

**एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर समाजवादी पार्टी नेता अबू आजमी ने अजीब प्रतिक्रिया दी है। आजमी ने कहा कि तेजस्वी के सामने ओवैसी की ताकत 10 किलो दूध में नींबू की एक बूंद जैसी है।**

ऐसे में माना जा रहा है कि आजमी यह कहना चाहते हैं कि तेजस्वी यादव का कद और जनाधार बहुत बड़ा है, जबकि ओवैसी का प्रभाव बहुत सीमित है। यानी सिर्फ एक विशेष समुदाय तक ही वो सीमित हैं। दरअसल, नींबू की एक बूंद दूध तो फाड़ देती है, लेकिन जब दूध की मात्रा 10 किलो होती है तो नींबू की बूंद भी कुछ नहीं कर



पाती है। यानी वो साफतौर पर यही कहना चाह रहे हैं कि ओवैसी शोर मचाते हैं लेकिन उनका वास्तविक जनाधार काफी छोटा है। हालांकि, अबू आजमी यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा, अगर ओवैसी तेजस्वी यादव को धूल चटा देंगे, तो वे किसे फूलों की माला पहनाएंगे? यानी उनका कहना है कि अगर ओवैसी के कारण तेजस्वी हार भी जाते हैं, तो ओवैसी माला किसे पहनाएंगे।आजमी के बयान को विपक्षी राजनीति में रणनीतिक संदेश देने की कोशिश भी मानी जा सकती है। इससे सपा का रुख भी साफ हो गया है कि वे तेजस्वी यादव को ही विपक्ष का बड़ा चेहरा मानते हैं। फिलहाल तक इस बयान पर ओवैसी की पार्टी की तरफ से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**सियासत में ओवैसी बनाम तेजस्वी की जंग :** बिहार की राजनीति में सीमांचल की सरगर्मी लगातार बढ़ रही है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव के बीच अब खुली बयानबाजी शुरू हो गई है। किशनगंज में %सीमांचल न्याय यात्रा% के दौरान ओवैसी ने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला और गठबंधन की असफल कोशिशों का जिक्र करते हुए राजद पर मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

**गठबंधन की पहल और राजद की चुप्पी :** ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बराबरी के दर्जे के साथ गठबंधन की पहल की थी। उन्होंने दावा किया कि एआईएमआईएम ने केवल छह सीटें मांगी थीं, किसी मंत्री पद की मांग नहीं की थी। ओवैसी के मुताबिक, उनके बिहार अध्यक्ष अख्तरुल इमान ने लालू और तेजस्वी को तीन पत्र लिखे, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया।

### मुस्लिम नेतृत्व का सवाल

ओवैसी ने राजद पर मुसलमानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि यादव, कुशवाहा, पासवान, कुर्मी और मांझी जैसी हर जाति का अपना नेता है, लेकिन मुस्लिम समुदाय को कोई नेतृत्व नहीं मिला। उन्होंने सवाल उठाया कि जब तेजस्वी मुख्यमंत्री बनने का सपना देख सकते हैं तो सीमांचल का कोई युवा नेता क्यों नहीं बन सकता। ओवैसी ने यह भी साफ किया था कि गठबंधन की पहल इसलिए की गई थी ताकि एआईएमआईएम पर भाजपा की मदद करने का आरोप न लगे। उन्होंने कहा कि राजद की ओर से जवाब न आना ही यह साबित करता है कि असल में भाजपा की मदद कौन कर रहा है।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025



# प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में करें विकास

## सीएम बोले-जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी करें

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन की प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में समीक्षा करें। साथ ही जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करवायें। मुख्यमंत्री डॉ.



यादव ने कहा कि अक्टूबर माह में राज्य स्तर पर कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में सभी मंत्रीगण, कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, संभागीय अधिकारी, आई.जी. सहित विभाग प्रमुख और सचिवालयीन अधिकारी शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस से पहले सभी कमिश्नर और कलेक्टर आगामी वर्ष की विकास कार्ययोजना भी तैयार करें, जिससे प्रदेश के विकास को और अधिक गति प्रदान की जा सके।


### राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ आज करेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल बुधवार 1 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू के विहार वीथिका में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पर्यटक वाहनों का लोकार्पण और भारत के वन्यजीव, उनका रहवास एवं आपसी संचार विषय पर केन्द्रित फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन कर वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार वितरित भी करेंगे। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल और प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्हीएन अंबाडे उपस्थित रहेंगे। गुरूवार 2 अक्टूबर को पक्षी अवलोकन, जन जागरुकता के लिये सृजनात्मकता कार्यशाला, महाविद्यालयीन विद्यार्थी के लिये वाद-विवाद प्रतियोगिता और विद्यालयीन विद्यार्थी के लिये तात्कालिक कहानी प्रतियोगिता होगी। शुक्रवार 3 अक्टूबर को तितली अवलोकन, खजाने की खोज और मेंहदी /पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। शनिवार 4 अक्टूबर को विशेष वंचित वर्ग/दिव्यांग बच्चों के लिये पक्षी अवलोकन, फोटोग्राफी, रंगोली और विद्यालयीन/महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिये युवा संसद आयोजित की जायेगी। रविवार 5 अक्टूबर रन फॉर वाइल्ड लाइफ और शिक्षक वाद-विवाद प्रतियोगिता, सोमवार 6 अक्टूबर सभी के लिये पक्षी अवलोकन, रेस्क्यू, वन्यप्राणी संरक्षण तथा अनुश्रवण उपयोग वाले उपकरणों से संबंधित कार्यशाला, वाइल्ड लाइफ एवं नेचर एक्सपो, वाद-विवाद प्रतियोगिता, वॉक थ्रू क्विज कम एग्जिविशन और मंगलवार 7 अक्टूबर को टोडलर वॉक एवं फेस पेटिंग प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण के साथ समापन समारोह होगा।

# अब स्टूडेंट भी बनेंगे नेता भाषण देंगे और वोट मांगेंगे

- **9वीं से 12वीं के छात्र ठोकेंगे उम्मीदवारी, स्कूलों में बनेंगे 'सचिव-सरपंच'**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की मॉडल यूथ ग्राम सभा योजना के तहत 110 विद्यालयों में छात्र पंचायतें बनाई जा रही हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य के नेता के रूप में तैयार



करना है, जहां वे सरपंच, सचिव और ग्रामसभा सदस्य बनकर पंचायत की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। यह शुरुआत प्रदेश के 55 जवाहर नवोदय और 55 एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूलों से हो रही है, जिसमें 9वीं से 12वीं तक के छात्र उम्मीदवारी कर सकेंगे।

### 110 स्कूलों में होगा छात्र पंचायतों का गठन

यह पहल केंद्र सरकार द्वारा संचालित मॉडल यूथ ग्राम सभा नामक योजना के अंतर्गत की जा रही है। इस योजना के तहत, मध्य प्रदेश के कुल 110 विद्यालयों में छात्र पंचायतों का गठन किया जाएगा। इन छात्र पंचायतों का निर्माण एक संरचित तरीके से किया जाएगा, जिससे छात्रों को वास्तविक लोकतांत्रिक अनुभव मिल सके और वे जमीनी स्तर पर प्रशासन की समझ विकसित कर सकें। यह देश का पहला ऐसा प्रयोग है जिसमें छात्र सरपंच, सचिव और ग्रामसभा सदस्य बनकर पंचायत की कार्यप्रणाली सीखेंगे। यह प्रयोग पूरे देश में अपनी तरह का पहला और अनूठा है, जो छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान देने के बजाय व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा।

# इजरायली प्रतिबंध दरकिनार,भारत ने नहीं छोड़ा साथ

## फिलिस्तीन को 11 वर्षों में की 700 करोड़ की मदद!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पिछले 11 वर्षों में फिलिस्तीन को लगभग 80 मिलियन डॉलर (करीब 700 करोड़ रुपये) की विकासात्मक सहायता दी है, जो इससे पहले के 65 वर्षों में दी गई मदद की लगभग दोगुनी है। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, यह सहायता मानवीय जरूरतों और विकास परियोजनाओं दोनों को ध्यान में रखते हुए दी गई है। भारत न केवल द्विपक्षीय रूप से बल्कि संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी के माध्यम से भी फिलिस्तीन को मदद करता रहा है, भले ही इस एजेंसी पर इजरायल ने प्रतिबंध लगा रखा हो। भारत हर साल 5 मिलियन डॉलर का योगदान देता है और 2020-21 से अब तक कुल 27.5 मिलियन डॉलर उपलब्ध करा चुका है। 2014 से अब तक फिलिस्तीन को दी गई भारत की विकासात्मक सहायता (लगभग 80 मिलियन डॉलर) पिछले 65 वर्षों (करीब 42 मिलियन डॉलर) की तुलना में लगभग दोगुनी है। इसके अलावा 40 मिलियन डॉलर की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं।



सरकार को कुछ आलोचना झेलनी पड़ी है, खासतौर पर इस साल जून में संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्थायी और बिना शर्त युद्धविराम पर आए प्रस्ताव पर भारत के मतदान से परहेज करने को लेकर। हालांकि, भारत का मानना है कि उसकी समग्र स्थिति-विशेष रूप से दो-राष्ट्र समाधान के प्रति लंबे समय से प्रतिबद्धता बदली नहीं है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, बीते 10 वर्षों में इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दों पर आए 175 प्रस्तावों में से किसी के खिलाफ भारत ने मतदान नहीं किया। हाल ही में भारत उन 142 देशों में शामिल रहा जिन्होंने न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन के पक्ष में मतदान किया, जिसमें दो-राष्ट्र समाधान के लिए ठोस, अपरिवर्तनीय और समयबद्ध कदमों का खाका पेश किया गया। 2023 में गाजा संघर्ष भड़कने के बाद से भारत को इजरायल के साथ बढ़ते रिश्तों और फिलिस्तीन के प्रति पारंपरिक समर्थन के बीच कठिन संतुलन साधना पड़ा है।

# अमरीका के दबाव में नहीं कर पाए पाकिस्तान पर हमला

## पूर्व गृहमंत्री पी चिदंबरम का बड़ा कबूलनामा, सच किया स्वीकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चैनल को मंगलवार को दिए इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था।



मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने न्यूज चैनल को बताया- पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आई और उन्होंने कहा- कृपया ऐक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी।

## संपादकीय

# कश्मीर मसला सीधे तौर पर द्विपक्षीय मुद्दा

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मुद्दे पर बातचीत हमेशा द्विपक्षीय स्तर पर ही होती रही है। कश्मीर का मसला भी इनमें से एक है। हालांकि, कई मौकों पर खुद पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश की है, लेकिन भारत तीसरे पक्ष की भूमिका को सिरे से खारिज करता रहा है। अब अमेरिका ने भी साफ कर दिया है कि कश्मीर भारत-पाकिस्तान का आपसी मसला है और इसमें किसी तरह का दखल देने में उसकी कोई रुचि नहीं है।

अमेरिका का यह संदेश इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार यह दावा कर चुके हैं कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम कराने में उनकी अहम भूमिका रही है। जबकि भारत इन दावों को पूरी तरह नकारता रहा है। ऐसे में अब अमेरिका ने भारत के उस रुख की पुष्टि कर दी है कि पाकिस्तान से जुड़े मसलों में किसी तीसरे पक्ष का दखल कतई स्वीकार्य नहीं है।

दरअसल, 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच शिमला में एक अहम समझौता हुआ था। इसके तहत आम सहमति बनी थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर सहित जितने भी मसले हैं, उनका समाधान आपसी बातचीत से ही किया जाएगा। यानी द्विपक्षीय मुद्दों को न तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाएगा और न ही इनमें किसी तीसरे पक्ष को शामिल किया जाएगा। मगर इस समझौते का पाकिस्तान ने कई बार उल्लंघन कर कश्मीर मसले को संयुक्त राष्ट्र में भी उठाया है। जबकि भारत इस समझौते के अनुरूप अपने रुख पर हमेशा कायम रहा है और इसी का नतीजा है कि



अब अमेरिका ने भी स्वीकार किया है कि कश्मीर मसला सीधे तौर पर द्विपक्षीय मुद्दा है।

गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में कहा कि यह उनके देश की दीर्घकालिक नीति है कि कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान ही आपसी बातचीत और सहमति से कोई हल निकाल सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि दोनों देशों की ओर से अमेरिका से किसी मुद्दे पर सहयोग मांगा जाता है तो वह मदद के लिए तैयार है। हालांकि, भविष्य में ऐसी नौबत आने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। अमेरिका का यह बयान ऐसे मौके पर आया है, जब पाकिस्तान के मित्र देश तुर्किये के राष्ट्रपति ने पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का मसला उठाया था। उनका कहना था कि कश्मीर मुद्दे का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के आधार पर संवाद के जरिए होना चाहिए। भारत ने इसका कड़ा विरोध करते हुए अपना रुख स्पष्ट किया और कहा कि यह सिर्फ द्विपक्षीय मुद्दा है और इसका अंतरराष्ट्रीयकरण नहीं किया जा सकता। तुर्किये पहले भी इस तरह की कोशिशें करता रहा है, जो भारत के प्रतिरोध के आगे बौनी साबित हुई हैं। एक और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि पिछले दिनों पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत ने दोनों देशों से जुड़े मसलों में कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है। साफ है कि पाकिस्तान इस बात को बखूबी जानता है कि द्विपक्षीय मसलों को लेकर भारत के साथ बातचीत ही एकमात्र विकल्प है। मगर यह भी सच है कि सीमा पार से आतंकवाद और बातचीत, दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते।

## एडीबी ने अमेरिकी टैरिफ को बताया वजह

# वित्तीय वर्ष 2026 में 6.5 प्रतिशत रहेगी अर्थव्यवस्था की रफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

**एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी के बावजूद, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। एडीबी ने अमेरिकी टैरिफ के भारतीय निर्यात पर असर पड़ने की आशंका जताई है। खासकर दूसरी छमाही में भारतीय निर्यात बुरी तरह से अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हो सकता है।**

गौरतलब है कि अप्रैल में जारी एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में भारत की विकास दर के 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, जिसे जुलाई की रिपोर्ट में अमेरिकी टैरिफ की चिंता के कारण घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। एशियाई विकास बैंक ने कहा कि बेहतर उपभोग और सरकारी खर्च के कारण वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई, लेकिन भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ से विकास दर में कमी आएगी, हालांकि लचीली घरेलू मांग और सेवा निर्यात इस प्रभाव को कम कर देंगे।




### टैरिफ का असर सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ेगा

एडीबी ने कहा कि टैरिफ लागू होने के कारण निर्यात में कमी का असर वित्त वर्ष 26 और वित्त वर्ष 27 दोनों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ेगा। हालांकि सकल घरेलू उत्पाद में निर्यात की कम हिस्सेदारी, अन्य देशों को निर्यात में वृद्धि, टैरिफ से सीधे प्रभावित न होने वाले लगातार मजबूत सेवा निर्यात और राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति से घरेलू मांग में तेजी के कारण सकल घरेलू उत्पाद पर प्रभाव सीमित रहेगा। एशियाई विकास परिदृश्य में यह भी अनुमान जताया गया है कि कर राजस्व वृद्धि में कमी के कारण राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत के बजट अनुमान से अधिक रहने की संभावना है।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय कलोता समाज की चुनरी यात्रा से भक्तिमय हुआ

देपालपुर में मंगलवार को धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब अखिल भारतीय क्षत्रिय कलोता समाज द्वारा आयोजित भव्य चुनरी यात्रा नगर में गूंज उठी। श्री 24 अवतार मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर नगर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। यात्रा में समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्यजन—राधेश्याम पटेल 'दादा दयालु', उमरावसिंह मौर्य, मोती सिंह पटेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपीन वानखेडे, राहुल पटेल सहित अनेक लोग शामिल हुए। युवा प्रदेश अध्यक्ष संदीप पटेल ने 195 गांवों का दौरा कर समाज में एकता का संदेश फैलाया, वहीं राहुल पटेल की विधानसभा सक्रियता ने समाज में नई ऊर्जा का संचार किया। यात्रा में आधुनिक डीजे की धुनों पर युवाओं का उत्साह, पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की गूंज, बैंड पार्टी और सांस्कृतिक झांकियों ने आयोजन को विशेष बना दिया। मार्ग में पुष्पवर्षा, जलपान और मंचीय स्वागत ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। लगभग 8000 से अधिक समाजजन—बच्चे, युवा और बुजुर्ग—ने सहभागिता की। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की तैनाती रही। यात्रा का समापन गोमटगिरी चौराहा स्थित मां कालिका मंदिर में हुआ। जहां पर महा प्रसादी का वितरण हुआ। क्षेत्रीय स्तर पर चुनरी यात्रा का स्वागत अखिल भारतीय धाकड़ युवा संगठन के प्रदेश सचिव बबलू नागर, जिला अध्यक्ष टिंकू नागर, आगरा के जनपद सदस्य मनोज नागर एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र नागर द्वारा किया गया। साथ ही सत्यनारायण पटेल मित्र मंडल, विधायक मनोज पटेल मित्र मंडल, धाकड़ समाज, कीर समाज, यादव समाज सहित अनेक मंचों से स्वागत हुआ।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स







# प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे सीआर पार्क, काली बाड़ी में की पूजा अर्चना

नई दिल्ली, (हि.स.)

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दिल्ली के मिनी बंगाल कहे जाने वाले चितरंजन ( सीआर पार्क ) के दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने काली बाड़ी में पूजा अर्चना की और आरती में शामिल हुए।**

महाअष्टमी के दिन उन्होंने बंगाल की पूजा पद्धति के अनुरूप मां दुर्गा की आरती और उन्हें पुष्पाजंलि भी अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी साथ में रही। प्रधानमंत्री मोदी की भागीदारी को सांस्कृतिक एकजुटता और परंपराओं के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है।

सीआर पार्क में दुर्गा पूजा का इतिहास बहुत पुराना है। सीआर पार्क दुर्गा पूजा, दिल्ली-एनसीआर की सबसे प्रमुख पूजा में से एक है। यहां हर साल भव्य पंडाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होते हैं। यहां पीढ़ियों से बसे बंगाली परिवारों ने अपनी परंपरा को संजोया है। दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में लोग खासकर बंगाल के रहने वाले लोग इस पर्व को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं। इन पंडालों में चार दिनों तक कवियों की कविताओं लोकनृत्य और लोकसंगीत का आयोजन किया जाता है। 1970 के दशक में बने काली मंदिर परिसर को बंगाली समुदाय का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र माना जाता है।